# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

14 सितंबर 2026, आश्विन कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली


**PAGE NO. 6: MIDDLE**

# रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ शुरू हुआ जायंट्स वीक

**बरेली, मुख्य संवाददाता।** जायंट्स ग्रुप ऑफ बरेली की ओर से आयोजित जायंट्स वीक 2026 का शुभारंभ रविवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ हुआ। ग्रुप के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया।

ग्रुप अध्यक्ष अभय जसोरिया ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की। सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि जायंट्स ग्रुप समय-समय पर रक्तदान समेत विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित करता है। कार्यक्रम के संयोजक असित माहेश्वरी, रमेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल और डॉ. मुकुल ने व्यवस्थाएं संभालीं। मेदांता ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मेडिकल टीम ने सदस्यों की ईसीजी, लंग फंक्शन टेस्ट, बोन मिनरल डेंसिटी समेत विभिन्न जांचें कीं। डॉ. राजीव गोयल और डॉ. ऋतु राजीव के सहयोग से आई मेडिकल टीम का समन्वय मुदित अग्रवाल ने किया। शिविर में महिला सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। हिमानी अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, मोना अग्रवाल और रोली अग्रवाल ने रक्तदान के साथ आयोजन में सहयोग किया। ग्रुप की ओर से बताया गया कि जायंट्स वीक के दौरान आगे भी विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



जायंट्स ग्रुप ऑफ बरेली की ओर से रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया।


हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

14 सितंबर 2026, आश्विन कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली


**PAGE NO. 6: BOTTOM**

# वर्कशाप में कई मरीजों का हुआ निशुल्क ऑपरेशन

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशॉप का रविवार को समापन हुआ। आखिरी दिन रेक्टल प्रोलैप्स, ग्रेड 3 बवासीर, पेरिअनल एब्सेस, एनल फिशर, एनल फिस्टुला और पाइलोनाइडल साइनस जैसी तकलीफों का सामना कर रहे डेढ़ दर्जन से ज्यादा मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन हुआ। इंटरनेशनल सोसायटी आफ कोलोप्रोक्टोलॉजी (आईएससीपी) के पूर्व प्रेसिडेंट डा.प्रशांत रहाटे, एकेडमिक कंवीनर डा.दिनेश शाह, सेक्रेटरी डा. नीरज गोयल, ज्वाइंट सेक्रेटरी डा.मधुकर पाई, डा. अंशुल शाह, डा.एसके निगम, डा.कल्याण कार, डा. अंकुर बंसल, डा. जितेन चौधरी, डा.मधुबाला ने ऑपरेशन थिएटर में मरीजों का ऑपरेशन किया और लाइव टेलीकास्ट के जरिये ऑडिटोरियम में बैठे चिकित्सकों को ऑपरेशन की विधि और तकनीकी की जानकारी दी।

एसोसिएशन ऑफ सर्जन आफ इंडिया के बरेली चैप्टर के सहयोग से एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप में सबसे पहले दीप चंद तिवारी का ऑपरेशन हुआ।



एसआरएमएस मेडिकल कालेज में दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं वर्कशाप में शामिल विशेषज्ञ।